# Sankalp Diwas : MiG 21 and 106MM Recoilless Launcher unveiled in CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 23-02-2024**

# चुनौतियों को अवसरों में बदलें युवा

## हकेंवि में संकल्प दिवस के अवसर पर मिग-21 व रीकॉइललेस लॉन्चर का हुआ अनावरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रीकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण भी किया।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस, नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) व शिक्षा पीठ के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश काम आ सकता है। उन्होंने काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी स्तर पर अतिवाद से बचना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अवसरों की कमी नहीं है बशर्ते कि चुनौतियों से घबराएं नहीं।

इससे पूर्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। महेंद्रगढ़ एक ऐसी जगह है जहां सेना में अपना जीवन लगाने वाले वीर सपूत हर घर में पाए जाते हैं।



मिग21 का अनावरण करते डॉ. डी.पी. वत्स, साथ मौजूद कुलपति। स्रोत : हकेंवि

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य डॉ. डीपी वत्स**

कुलपति ने विश्वविद्यालय में मिग-21 व 106 एमएम रीकॉइललेस लॉन्चर के अनावरण का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों में देशप्रेम के भाव को और अधिक बल मिलेगा।

मंच संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया। विश्वविद्यालय में अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा ने अपनी कविता के माध्यम से सैनिक के मन के भावों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 23-02-2024**

# हकेंवि में संकल्प दिवस पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण

## चुनौतियों को अवसरों में बदलना सीखें युवा : सांसद डीपी वत्स



**महेंद्रगढ़|** हकेंवि महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस के अवसर पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जर्नल डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश काम आ सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित हैं। इस मौके पर वीसी ने मिग-21 व 106 एमएम रिकॉइललेस लॉन्चर के अनावरण का उल्लेख किया। संचालन शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया। विवि में अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा अपनी कविता के माध्यम से सैनिक के मन के भावों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** | **Date: 23-02-2024**

# मिग-21 व रिकाइललेस लांचर का अनावरण



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रिकाइललेस लांचर का अनावरण करते हुए ● जागरण

## संकल्प दिवस

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में संकल्प दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल डा. डीपी वत्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकाइललेस लांचर का अनावरण भी किया।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रास, नेशनल केडेट कोर (एनसीसी) व शिक्षा पीठ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल वत्स ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी केडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश के काम आ सकता है। उन्होंने काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी स्तर पर अतिवाद से बचना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। महेंद्रगढ़ एक ऐसी जगह है जहां सेना में अपना जीवन लगाने वाले वीर सपूत हर घर में पाएं जाते हैं। कुलपति ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डा. वत्स उपस्थित है। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों में देशप्रेम के भाव को और अधिक बल मिलेगा।

विश्वविद्यालय में भारतीय संसद में जम्मू-कश्मीर के संदर्भ 22 फरवरी 1994 में पारित प्रस्ताव का स्मरण करते हुए आयोजित संकल्प दिवस के कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 23-02-2024**

## चुनौतियों से न घबराएं : डीपी वत्स

**महेंद्रगढ़ (हप्र) :** हकेवि महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद डीपी वत्स उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 23 February 2024
https://epaper.dainiktribu

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 23-02-2024**

# चुनौतियों को अवसरों में बदलना सीखें युवा: लेफ्टिनेंट जर्नल डीपी वत्स

## हकेवि में संकल्प दिवस के अवसर पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का हुआ अनावरण

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जर्नल डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण भी किया। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस, नेशनल केडेट कोर (एनसीसी) व शिक्षा पीठ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जर्नल डॉ. डी.पी. वत्स ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी केडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश काम आ सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



डॉ. वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी स्तर पर अतिवाद से बचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य पाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अब समय आ गया है कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज करे। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रयासों को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवसरों की कमी नहीं है बशर्ते कि चुनौतियों से घबराएं नहीं। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुबार्नी सदैव स्मरणीय है। महेंद्रगढ़ एक ऐसी जगह है जहाँ सेना में अपना जीवन लगाने वाले वीर सपूत हर घर में पाएं जाते हैं। कुलपति ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित है।

इस मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में मिग-21 व 106 एमएम रिकॉइललेस लॉन्चर के अनावरण का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों में देशप्रेम के भाव को और अधिक बल मिलेगा। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय होने के नाते हमारा लक्ष्य शिक्षा के साथ-साथ ऐसी युवा पीढ़ी तैया करना है जो देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए तत्पर रहे। विश्वविद्यालय में भारतीय संसद में जम्मू-कश्मीर के संदर्भ 22 फरवरी, 1994 में पारित प्रस्ताव का स्मरण करते हुए आयोजित संकल्प दिवस के कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय में अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा अपनी कविता के माध्यम से सैनिक के मन के भावों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, श्री नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, स्थानीय गांवों से आए भारतीय सेना के पूर्व सैनिक व अधिकारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Human India** **Date: 23-02-2024**

# चुनौतियों को अवसरों में बदलना सीखें युवा : लेफ्टिनेंट जर्नल डीपी वत्स

**» हकेवि में संकल्प दिवस के अवसर पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का हुआ अनावरण**

मनोज गोयल गुड्यिानिया

**महेंद्रगढ़ (हरियाणा प्रदीप)। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जर्नल डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण भी किया।**



विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस, नेशनल केडेट कोर (एनसीसी) व शिक्षा पीठ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जर्नल डॉ. डी.पी. वत्स ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी केडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश काम आ सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी स्तर पर अतिवाद से बचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य पाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अब समय आ गया है कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज करे। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रयासों को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवसरों की कमी नहीं है बशर्ते कि चुनौतियों से घबराएं नहीं। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। महेंद्रगढ़ एक ऐसी जगह है जहाँ सेना में अपना जीवन लगाने वाले वीर सपूत हर घर में पाएं जाते हैं। कुलपति ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित है। इस मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में मिग-21 व 106 एमएम रिकॉइललेस लॉन्चर के अनावरण का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों में देशप्रेम के भाव को और अधिक बल मिलेगा। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय होने के नाते हमारा लक्ष्य शिक्षा के साथ-साथ ऐसी युवा पीढ़ी तैया करना है जो देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए तत्पर रहे।

विश्वविद्यालय में भारतीय संसद में जम्मू-कश्मीर के संदर्भ 22 फरवरी, 1994 में पारित प्रस्ताव का स्मरण करते हुए आयोजित संकल्प दिवस के कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय में अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा अपनी कविता के माध्यम से सैनिक के मन के भावों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, श्री नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, स्थानीय गाँवों से आए भारतीय सेना के पूर्व सैनिक व अधिकारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 23-02-2024**

# चुनौतियों को अवसरों में बदलना सीखें युवा : वत्स

**हकेवि में संकल्प दिवस के अवसर पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का हुआ अनावरण**

महेंद्रगढ़, 22 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण भी किया।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस, नेशनल केडेट कोर (एनसीसी) व शिक्षा पीठ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डी.पी. वत्स ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी केडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश काम आ सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी स्तर पर अतिवाद से बचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य पाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अब समय आ गया है कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज करे। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रयासों को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवसरों की कमी नहीं है बशर्ते कि चुनौतियों से घबराएं नहीं।



*हकेवि में रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण करते डॉ. डी.पी. वत्स। साथ में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार*

इससे पूर्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। महेंद्रगढ़ एक ऐसी जगह है जहाँ सेना में अपना जीवन लगाने वाले वीर सपूत हर घर में पाएं जाते हैं। कुलपति ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित है। इस मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में मिग-21 व 106 एमएम रिकॉइललेस लॉन्चर के अनावरण का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों में देशप्रेम के भाव को और अधिक बल मिलेगा। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय होने के नाते हमारा लक्ष्य शिक्षा के साथ-साथ ऐसी युवा पीढ़ी तैया करना है जो देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए तत्पर रहे।

विश्वविद्यालय में भारतीय संसद में जम्मू-कश्मीर के संदर्भ 22 फरवरी, 1994 में पारित प्रस्ताव का स्मरण करते हुए आयोजित संकल्प दिवस के कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय में अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा अपनी कविता के माध्यम से सैनिक के मन के भावों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, श्री नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, स्थानीय गाँवों से आए भारतीय सेना के पूर्व सैनिक व अधिकारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवोदय टाइम्स Fri, 23 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74615447